# साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय ,बरेली

## महाविद्यालय ई- न्यूजलेटर



1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025

# शिक्षा शास्त्र विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

## बरेली , 06 अक्टूबर 2025

दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विभाग एवं लिंग एवं दिव्यांग संवेदीकरण प्रकोष्ठ के संयोजन से महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका नामक एक साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह एक साप्ताहिक कार्यक्रम 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा।"महिला संवेदीकरण" का अर्थ है, महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता या लैंगिक संवेदनशीलता बढ़ाना. इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं के मुद्दों, अधिकारों और चुनौतियों के प्रति जागरूकता पैदा करना है, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके। अतः हमें महिलाओं के अधिकारों का हनन न करते हुए उन्हें समानता का अधिकार लाना है। साथ ही साथ सशक्त बनाना है, तो शिक्षा ही वह हथियार है जो उन्हें पूर्ण रूप से सशक्त कर सकता है। बिना शिक्षा के हम महिलाओं को सशक्त कर ही नहीं सकते हैं,क्योंकि शिक्षा वह शक्ति है जिसके द्वारा महिला एक अंधकार पूर्ण, अज्ञान पूर्ण , अंधविश्वास और रूढ़िवादी सामाजिक विचारधारा से दूर रहकर अपना और आने वाली अपनी संतान के भविष्य को उज्जवल कर सकती है। इस एक साप्ताहिक कार्यक्रम के प्रथम दिन का विषय " मीडिया और लैंगिक समानता" रहा। यह लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में काम कर सकता है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संचालित हुआ। कार्यक्रम में प्रो.कनकलता, सीमा अग्रवाल, डॉ.सीमा गौतम, डॉ. प्रतिभा पांडे, डॉ. ज्योति गुप्ता एवं डॉ. दिव्या यादव भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।



## बरेली , 8 अक्टूबर 2025

दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में शिक्षा शास्त्र विभाग एवं लिंग एवं दिव्यांग संवेदीकरण प्रकोष्ठ के संयोजन से चल रहे कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संचालित हुआ। इस कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग की विभाग प्रभारी प्रो. कनकलता सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि यौन हिंसा आज ही नहीप्राचीन काल से होता आया है बहुत से ऐसी घटनाएं हैं जिनका कोई लिखित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं है परंतु या होता आया है और हो भी रहा है। विद्यालय ऑफिस घर रिश्तेदार यह सभी जगह यौन हिंसा की शिकार महिलाएं अथवा पुरुष हो रहे हैं। जरूरत है तो सिर्फ शिक्षा की जिसके द्वारा हम इस सामाजिक बुराई से दूर होकर इसके विरोध में आवाज उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जबरन विवाह के विषय पर भी उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि विवाह तो कई प्रकार के हैं परंतु आज कल के समाज में जबरन विवाह हो रहा है जिसका मुख्य कारण है, महिलाओं का सशक्त ना होना अथवा शिक्षित न होना। इस कार्यक्रम में प्रो.राधा यादव, प्रो. शशि शुक्ला, प्रो.कनकलता सिंह, डॉ दिव्या यादव डॉ.ज्योति गुप्ता, डॉ.अभिलाषा एवं डॉ.रीना टंडन उपस्थिति रही। महाविद्यालय के अनेक छात्र भी इसमें उपस्थित रहे।




## बरेली , 11 अक्टूबर 2025

दिनांक 11अक्टूबर 2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में शिक्षाशास्त्र विभाग एवं लिंग एवं दिव्यांग संवेदीकरण प्रकोष्ठ के सहसंयोजन चल रहे "महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका" नामक एक साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज कार्यक्रम के अंतिम दिन रहा, जिसका विषय "महिलाओं के लिए रोजगार, स्वास्थ्य सेवा एवं कानूनी अधिकार" रहा।

इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज के परिचर्चा का विषय का विषय "महिलाओं की रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं एवं कानून व्यवस्था" पर राजनीति विज्ञान की प्रभारी प्रो. प्रीति पाठक ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भारत में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई कानून और संवैधानिक प्रावधान हैं, जिनमें घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न
(रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 प्रमुख हैं, जो लिंग आधारित भेदभाव को रोकते हैं। इसके अतिरिक्त, मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 जैसे कानून महिलाओं को सवेतन मातृत्व अवकाश प्रदान करते हैं। महिलाएं सशक्त हैं आवश्यकता है तो सिर्फ अवसर की। अतः सरकार के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी, रोजगार संबंधी एवं कानून संबंधी अवसर दिए गए हैं जो की महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। उन्होंने कानून संबंधी महिलाओं के लिए बनाए गए ऐसे बहुत से सुविधाएं बताया जो की महिला की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। साथी उन्होंने महिला स्वास्थ्य के लिए महिला आरोग्य समिति, नारी स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाएं एवं महिला रोजगार हेतु सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, महिला प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम योजना जैसी अधिक रोजगार योजनाओं जानकारी छात्राओं से साझा की। इस कार्यक्रम की संयोजिका विभाग प्रभारी प्रोफेसर राधा यादव ने भी नारी सशक्तिकरण के लिए स्वास्थ्य एवं रोजगार को आवश्यक बताते हुए कहा की सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं महिलाओं के रोजगार के लिए उपलब्ध है छात्राएं उनकी जानकारी पाकर उसका लाभ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपम मेहरोत्रा के निर्देशन में संचारित हुआ। इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर याद यादव रही। इस कार्यक्रम में डॉ. ज्योति गुप्ता एवं डॉ. दिव्या यादव उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## बरेली , 31 अक्टूबर 2025

दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं कृतत्व पर एक ऑन द स्पॉट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया I कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई, उसके बाद प्रतियोगिता प्रारंभ हुई , जिसमें एम ए एवं बी ए की छात्राओं ने भाग लिया I प्रतियोगिता में सरदार पटेल के जीवन से संबंधित प्रश्नों को रखा गया I

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - निशा पाल, बी ए प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान - सिया शर्मा,बी ए प्रथम सेमेस्टर तृतीय स्थान - साइमा एम ए तृतीय सेमेस्टर

प्राप्त किया I विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे , महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया I प्रतियोगिता की रूपरेखा शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ राधा यादव ने तैयार की I प्रतियोगिता को सफल बनाने में विभाग शिक्षिकाओं डॉ ज्योति गुप्ता एवं डॉ दिव्या यादव का विशेष योगदान रहा I प्रतियोगिता का संचालन विभाग प्रभारी डॉ राधा यादव द्वारा किया गया I

## बरेली , 10नवंबर 2025




दिनांक 10/11/2025 साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली के प्रांगण में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत की ऐतिहासिक भूमिका एवं उसके महत्व की चर्चा की गई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिव्या यादव ने बताया की वंदे मातरम के महत्व को समझने के लिए, इसके ऐतिहासिक मूल को जानना बहुत ज़रूरी है। यह एक ऐसा मार्ग है, जो साहित्य, राष्ट्रवाद और भारत के स्वाधीनता संग्राम को जोड़ता है। इस स्तुति गान का एक कविता से राष्ट्रीय गीत बनने तक का सफ़र, औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत की सामूहिक जागृति का उदाहरण है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन मैं संचालित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित रही एवं अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं ने भी प्रतिभाग किया।



## बरेली, 11 नवंबर 2025

दिनांक 11/11/25 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया।यह दिवस भारत देश के पहले शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की याद में हर ११ नवम्बर को मनाया जाता है। वैधानिक रूप से इसका प्रारम्भ वर्ष 2008 से किया गया है। मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्म 11 नवम्बर 1888 को हुआ था। वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे। विभाग प्रभारी प्रोफेसर राधा यादव ने इस दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है , जिन्होंने 15 अगस्त 1947 से 2 फरवरी 1958 तक सेवा की। भारत का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल 11 नवंबर को मनाया जाता है। विभाग की शिक्षिका असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.ज्योति गुप्ता ने कहा कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 11 सितंबर 2008 को घोषणा की, "मंत्रालय ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए भारत के इस महान सपूत के जन्मदिन को मनाने का निर्णय लिया है। 2008 से हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिव्या यादव ने इस दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस स्वतंत्र भारत में सभी नागरिकों का अधिकार है कि शिक्षा लेना और शिक्षा अधिकार जैसे नियम को पारित करने वाले यह प्रथम विचार इन्हीं शिक्षा मंत्री

इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रश्नों की श्रृंखला में भारतीय संविधान, लोक नृत्य, राजभाषाएं, राजधानियां, विभिन्न शैक्षिक आयोग, कंप्यूटर एवं सामान्य विज्ञान के प्रश्न रखे गए । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं को दो टीम- टीम ए एवं टीम बी में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति के अनुसार की टीम ए विजयी एवं टीम बी उपविजेता घोषित हुई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुपम मल्होत्रा के निर्देशन में संचालित हुआ । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ . ज्योति गुप्ता के द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में विभाग की प्रभारी प्रोफेसर राधा यादव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिव्या यादव उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



## बरेली, 13 नवंबर 2025


दिनांक 13/11/25 साहू रामसरुप महिला महाविद्यालय बरेली में वंदे मातरम गीत की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंदे मातरम गीत का सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को जानना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एक गीत नहीं बल्कि हमें गुलामी से मुक्त कराने का एक साधन भी है। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिव्या यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम देश के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय आयोजित किए जा रहे हैं। वंदे मातरम गीत हमारी स्वतंत्रता प्राप्ति में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इसका आदर करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य हे। हम आज उस स्वतंत्रता संग्राम में साथ नहीं दे पाए परंतु जिन्होंने उस क्रांति अथवा संग्राम से मुक्ति दिला कर हमें स्वतंत्र किया है उनका स्मरण करना अथवा सम्मान करना ही हमारा कर्तव्य हे। जा कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिका भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।



# इतिहास विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

## बरेली , 3 दिसंबर 2025

इतिहास विभाग में " भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक एवं नायिका विषय पर छात्रा संगोष्ठी का आयोजन" दिनांक 3 दिसंबर 2025 में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली के इतिहास विभाग द्वारा " भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक एवं नायिका" विषय पर एक दिवसीय छात्रा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल निर्देशन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के संरक्षण में किया गया।एक दिवसीय इस संगोष्ठी में छात्राओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं—महात्मा गांधी, भगत सिंह ,सुभाष चंद्र बोस ,सरदार पटेल, रानी लक्ष्मीबाई, मातंगिनी हाज़रा, बीना दास सहित अनेक नायक-नायिकाओं के योगदान पर प्रभावी प्रस्तुतियाँ दीं। संगोष्ठी का उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, इतिहास बोध, स्वतंत्रता संघर्ष की विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विभागाध्यक्षा डॉ सीमा गौतम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में शोध-रुचि और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करते हैं। अंत में श्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण देने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन विभाग की शिक्षिका सुश्री अनम फातिमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ सरोज कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त कर विषय पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।




# *राजनीति विज्ञान विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर*

## बरेली, 26 नवंबर 2025

दिनांक 26/11/2025 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं विधिक परामर्श समिति के संयुक्त तत्वावधान् में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सिल्वर लॉ कॉलेज, बरेली के विधि विभाग की असोसिएट प्रो० डॉ नुपुर गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अनुपमा मेहरोत्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संविधान की प्रस्तावना की शपथ से हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में संविधान निर्माण की प्रक्रिया की चर्चा की एवं संविधान के आदर्शों एवं मूल्यों से छात्राओं को परिचित कराया । उन्होंने यह बताया कि नागरिकों को अपने अधिकारों को जानने के साथ-साथ अपने नागरिक कर्तव्यों को भी समझना चाहिए क्योंकि कर्तव्यों का पालन करके ही हम राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं । उन्होने युवा पीढ़ी को अपने कर्तयों के प्रति जागरूक रहने की सीख दी । अपने अतिथि व्याख्यान में वक्ता ने नागरिकों को अपने अधिकारों को जानने के साथ-साथ बताया कि हम किस प्रकार मौलिक अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों पर समान बल दे कर राष्ट्र के चहुंमुखी विकास में योगदान दे सकते हैं। अन्त में प्रो० प्रीति पाठक ने सभी का धन्यवाद दिया । कार्यक्रम का संचालन बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री निम्रा फरहत द्वारा किया गया।




# बरेली,27 नवंबर 2025

दिनांक 27 नवंबर 2025 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एक सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने की।कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर की लगभग 50 से 70 छात्राओं ने सहभागिता की। मानसी , जेबानाज, अदिति शर्मा, सोनी, शाजिया, मुस्कान ,अर्शी, अमीना बी,महक, कृष्णा वर्मा, गुलअफशान , अनम, तनु श्रीवास्तव एवं अनूरा यादव और अलीशा ने सर्वप्रथम प्रस्तावना का वाचन किया तत्पश्चात अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19 के मौलिक अधिकार के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से बात की। छात्राओं ने कहा कि नागरिको को अपने अधिकारों व कर्तव्य को समझने और उनके क्रियान्वयन हेतु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही एकमात्र वह तरीका है जो व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण में सहयोग हेतु प्रेरित करता है। विभागाध्यक्षा डॉ प्रीति पाठक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान भारतीय नागरिकों के लिए एक पवित्र ग्रंथ है। जिसका हम सभी को सम्मान व आदर करना चाहिए। अतिथि प्रवक्ता सुश्री सोनिया हुसैन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। शोधार्थी अमित कुमार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अंत में विभागाध्यक्षा डॉ प्रीति पाठक ने सभी का धन्यवाद किया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सोनिया हुसैन ने किया।



## बरेली , 10 *दिसंबर* 2025

दिनांक 10-12-2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान मे मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य मे छात्राओं मे मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु 'वर्तमान मे मानवाधिकारों की दशा व दिशा' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने की। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम विभागाध्यक्षा प्रोफेसर प्रीति पाठक ने छात्राओं को मानवाधिकार दिवस की प्रासंगिकता से अवगत कराया और मानवाधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान समय मे इसकी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकार मात्र नही है बल्कि इसमे हमारा कर्तव्य भी नीहित है जो हमे दूसरे के मानवाधिकारों की रक्षा करने को प्रेरित करता है। तत्पश्चात विभाग की छात्राओं कुमारी निम्रा फरहत, यशी चौधरी, ऊर्वशी गंगवार, सिदरा अली, सोनी, इशिता कुमारी। अनुष्का गुप्ता, मुस्कान, अदिति शर्मा, अनूरा यादव ने मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। इसी क्रम मै शोध छात्र श्री सुमित कुमार ने मानवाधिकारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे वस्तुस्थिति पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता सुश्री सोनिया हुसैन ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति निरन्तर जागरूक रहने और समाज मे जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता मे कुमारी सोनी (बी ए तृतीय सेमेस्टर)--प्रथम, सिदरा अली (बी ए तृतीय सेमेस्टर)--द्वितीय, निम्रा फरहत व यशी चौधरी (बी ए पंचम सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रही। सान्त्वना पुरस्कार बी ए प्रथम सेमेस्टर की अदिती शर्मा को मिला। कार्यक्रम मे स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर की लगभग 60 छात्राओं। कार्यक्रम का संचालन बी ए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिदरा अली ने किया।




## *अर्थशास्त्र विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर*

खाद निर्माण की प्रक्रिया को समझा। इफको आंवला इकाई के द्वारा 2022 में स्थापित विश्व के दूसरे सबसे बड़े नैनो यूरिया प्लांट की अत्यधिक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी को देखकर छात्राएं प्रभावित हुई ।नैनो तकनीक आधुनिक

उर्वरक उत्पादन में एक क्रांतिकारी नवप्रवर्तन है। भ्रमण में छात्राओं ने उत्पादन प्रचलन संयंत्रों को भी देखा ।इफको में पर्यावरण प्रतिबंधकता के अंतर्गत जलविहार जहां प्रवासी पक्षी विहार करते हैं का भी आनंद लिया ।नैनो उर्वरक वैज्ञानिक वैज्ञानिक डा. एस

के सिंह ने नैनो यूरिया के बारे में सविस्तार बताया एवं आधुनिक पद्धति द्वारा ड्रोन से उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया ।पी आर ओ श्री विनीत शुक्ला जी का भरपूर सहयोग रहा । भ्रमण में अर्थशास्त्र विभाग की 40 छात्राएं शामिल हुई जिनके साथ विभाग की शिक्षिकाएं श्रीमती अर्चना शर्मा एवं डॉ रीना टंडन ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।



## बरेली , 8 *दिसंबर* 2025

दिनांक 8 .12 .25 को अर्थशास्त्र विभाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने इफको भ्रमण केअनुभव को साजा करते हुए महाविद्यालय में नैनो उर्वरक के बारे में जानकारी दी ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के मन में ये भावना जगाना है कि अपने ज्ञान का प्रसार करें क्योंकि
"व्यये कृते वर्धत एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्" जिसका अर्थ है " ज्ञान का धन खर्च करने से हमेशा बढ़ता है; कम नहीं होता यह सभी धनों में प्रमुख है। इसी कड़ी में छात्राओं में विदुषी, नंदिनी,आद्या, अलीशा, मोवीशरा, काशिफा ने महाविद्यालय के छात्राओ को तथा महाविद्यालय के माली भैया श्री ओमकार जी को नैनो फ़र्टिलाइज़र के बारे में अवगत कराया और नैनो यूरिया का छिड़काव करके भी उसका प्रदर्शन किया कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर अनामिका कोशिका, श्रीमती अर्चना शर्मा तथा डा रीना टंडन ने सहयोग दिया।




# कला विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

## बरेली , 10 *दिसंबर* 2025

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय , अरेबिक/तुगरा कैलीग्राफी प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी चित्रकला विभाग द्वारा लगाई गई थी जिसका उद्घाटन ,डॉ शशि बाला राठी ,श्री मनोज मंगल , डॉ के. सी. पाठक द्वारा किया गया। अंतिम दिन प्रदर्शनी का अवलोकन श्री आनंद गोयल , श्री मोहित मेहरा व प्रोफेसर संतोष अरोड़ा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा करी गई। यह प्रदर्शनी विभाग में संचालित "वैल्यू एडेड प्रोग्राम" के तहत प्रदर्शित करी गई थी। जिसमें इस बार "अरेबिक कैलीग्राफी" सिखाई गई थी । वैल्यू एडेड प्रोग्राम में प्रत्येक सत्र में नवीन विधा छात्राओं को सिखाई जाती है जिसके आधार पर वे धन अर्जन भी कर सकती हैं ।इस कोर्स में 40 छात्राओं ने प्रतिभाग किया । जिसमें करीब 120 कार्यों का प्रदर्शन किया गया था। अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए । पायल , समीन,काम्या ,रिया , उमामा,हेमा ,आद्या , मीनाक्षी, पूनम, व श्री पारस के सहयोग से प्रदर्शनी सफल रही।



## अंग्रेजी विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

### बरेली , अक्टूबर 2025

अंग्रेजी विभाग द्वारा दिखाई गई सरोजिनी नायडू पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिनांक 13 अक्टूबर को साहू राम स्वरूप महिला महा विद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वार भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के जीवन, साहित्यिक उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं को सरोजिनी नायडू के बहुआयामी व्यक्तित्व और अंग्रेज़ी साहित्य में उनके योगदान से परिचित कराना था। डॉक्यूमेंट्री में सरोजिनी नायडू के जीवन की झलकियों के साथ उनके कवि रूप, वक्तृत्व कौशल और देशभक्ति की भावना को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया एवं उनकी प्रसिद्ध काव्य कृतियों का उल्लेख किया गया, जिनमें भारतीय संस्कृति, प्रकृति और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत चित्रण देखने को मिलता है।स्नातक एवं परास्नातक की कुल 120 छात्राओं ने इस चित्रण को देखा। कार्यक्रम प्राचार्या अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में हुआ ।विभाग प्रभारी डॉ बीना यादव ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया ।

### बरेली , 12 बरेली, *दिसंबर* 2025

दिनांक 12 दिसम्बर को साहू राम स्वरूप महिला महा विद्यालय में अंग्रेजी विभाग की परास्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा पाठयक्रम से संबंधित विभिन्न विषयों पर पी पी टी प्रदर्शित की गई। छात्राओं ने 'मैटेफिजिकल पोयट्री एंड इट्स इनफ्लुएंस,' 'नॉलेज एंड पावर इन डॉक्टर फोस्टर्स,'
'मेजर करैक्टेरिस्टिक्स ऑफ़ द एलिजाबेथन एज' आदि पर पी पी टी तैयार कर उनको अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की कुल 28 छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम प्राचार्या अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में हुआ । विभाग प्रभारी डॉ बीना यादव ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया । विभाग की सभी शिक्षिकाएं डॉ प्रियंका वर्मा, श्रीमती श्वेता मौर्या, डॉ रूचि अग्रवाल, श्रीमती अफरोज जहां एवं सुश्री रमशा सिद्दीकी ने कार्यक्रम में सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया




## राष्ट्रीय स्वयं सेवा समिति 1 अक्टूबर से 31 दिसंबरबरेली ,

## 15 अक्टूबर 2025

स्वच्छता ही सेवा ' अभियान के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं ने लिया "स्वच्छता का शपथ" दिनांक 15/10/2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति सिंह के संयुक्त तत्वावधान में "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम में दोनों इकाईयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा "स्वच्छता शपथ" ग्रहण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत, स्वयं सेविकाओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि हमें गांधी जी के सपने को साकार करते हुए स्वच्छ भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपनी भूमिका निभानी होगी और "संस्कार स्वच्छता और स्वभाव स्वच्छता" के सिद्धांत पर अमल करते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना होगा।कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति सिंह ने "स्वच्छता ही सेवा " अभियान के अंतर्गत बताया कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित भारत की परिकल्पना भी थी, अतः सभी स्वयंसेविकाएं सबसे पहले स्वयं से, अपने परिवार से, अपने मोहल्ले से इसकी शुरुआत करें, जिससे स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हम सभी का एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद देगा।संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## बरेली , 4 दिसंबर 2025

साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की एम ए एवं बी ए की छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम के व्यावहारिक ज्ञान हेतु इफको आंवला उर्वरक इकाई का भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने पारंपरिक एवं आधुनिक शैली से



# बरेली , 16 अक्टूबर 2025

स्वयं सेविकाओं ने "स्वच्छता कार्यक्रम" के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में दिनांक 16/10/2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में शासन के निर्देशानुसार "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओ ने महाविद्यालय के आंतरिक परिसर की साफ सफाई की। स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता ने स्वच्छता के महत्व बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी द्वारा समर्पित स्वच्छता जो स्वास्थ्य के मूल्यों को रेखांकित करती है, उसको बढ़ाते हुए वातावरण को स्वच्छ और बीमारियों से मुक्त बनाना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति सिंह ने बताया कि प्लास्टिक थैली का उपयोग करने के बजाय हस्त निर्मित पेपर का उपयोग करके तथा स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल कर हम स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं। संपूर्ण कार्यक्रम प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में संपन्न किया गया।



# फैशन डिजाइनिंग विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

## बरेली , 18 नवंबर 2025

दिनांक 18 .11. 25 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग विभाग में तीन दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ किया गया! जिसका आयोजन शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम हस्तशिल्प विकास योजना के अंतर्गत किया गया! इस कार्यशाला के अंतर्गत जारी जरदोसी, Kane bamboo, हाथ की कढ़ाई तथा पेंटिंग कार्य सिखाया गया! जारी_ जरदोजी क्राफ्ट प्रशिक्षण आरती, राजरानी, गौतमी द्वारा दिया गया ।हाथ की कढ़ाई का प्रशिक्षण रिंपी राठौर, गौरी , बीना राठौर द्वारा दिया गया। केन बंबू का प्रशिक्षण मोहम्मद नदीम द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में फैशन डिजाइनिंग विभाग की m.a व B.A की समस्त छात्राओं ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया व सभी कार्य को उत्साह पूर्वक सीखा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य। डॉ अनुपम मेहरोत्रा, व विभाग की समस्त शिक्षिकाएं डॉ अलका जायसवाल, डॉ लक्ष्मी, डॉ ज्योति गुप्ता एवं सुश्री हिना जहां उपस्थिति रही।



# शारीरिक शिक्षा विभाग विभाग 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर

## बरेली , 8 अक्टूबर 2025

**साहू राम स्वरुप महिला महाविद्यालय में आगामी अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी योग प्रतियोगिता में प्रस्तावित छात्राओं के चयन हेतु चयन प्रतियोगिता का आयोजन**

**साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयए बरेली में दिनांक 08ध10ध 25 को क्रीडा परिषद एवं शारीरिक शिक्षा विभागए साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयएबरेली द्वारा अंतर महाविद्यालयी योग चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो॰ अनुपमा मेहरोत्रा एवं श्रीमती रितु अग्रवालएअध्यक्षए जिला योग संघ द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया । इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य सुव्यासा विश्वविद्यालयए बैंगलौर में 24 से 28 नवंबर 2025 में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयी योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु प्रस्तावित छात्राओं का चयन करना था। प्रतियोगिता में चार टीमों ने प्रतिभागिता की जिसमें राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल पी॰ जी॰ कॉलेजएमीरगंजए बरेलीए कन्या महाविद्यालयए भूड़ए बरेलीए साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयए बरेली तथा बरेली कॉलेजए बरेली रहीं। प्रतियोगिता में निर्णयाकों की भूमिका में डॉ हिना माहेश्वरीए श्री अमित माहेश्वरी तथा श्री दयाशंकर जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती रितु अग्रवालए अध्यक्षए जिला योग संघ ने एवं पर्यवेक्षक के रूप में प्रो अजीत सिंहए खेल समितिए एम॰ जे॰ पी॰ रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें कुल प्रतिभागियों में से 08 छात्राओं का चयन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्या प्रो अनुपमा मेहरोत्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ प्रीति वर्माए तथा आयोजन समिति के सदस्य एडॉ सीमा गौतमए डॉ आकांक्षा रस्तोगीए डॉ प्रतिमाए डॉ ज्योति गुप्ताए डॉ अंजूए श्री मनीष एवं सुश्री अनम का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय की योग प्रशिक्षक सुश्री शिखा ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।**



## बरेली , 17 अक्टूबर 2025

दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में क्रीडा परिषद एवं शारीरिक शिक्षा विभागए साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालयएबरेली द्वारा अंतर.महाविद्यालयीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री मनोज मंगलए सह सचिवए प्रबंध समितिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोज मंगल व प्राचार्या महोदया प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।प्रतियोगिता में तीन टीमों . एमजेपीआरयूए कैंपस बरेलीए जीण्एफण कॉलेजए शाहजहांपुर तथा साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालयए बरेली ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में श्री संजीव सक्सेनाए प्रोफेसर अजीत सिंहएखेल प्रभारीए महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालयएबरेली तथा निर्णायक के रूप में श्री मुकुल उपाध्याय तथा श्री संस्कार सक्सेना जी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंशुएराखीएमीराए दीपांशी तथा मेघा को ट्राफीए प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।
रनर.अप टीम रुहेलखंड विश्वविद्यालय कैंपस की रही जिसमें आशी शर्माए रितु चौधरी और दीपांशी शर्मा को ट्राफीए प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान किया गया।






संपादक

हिन्दी–ड़ा0 दिव्या यादव

ड़ा0 प्रतिमा सिंह

अंग्रेजी– ड़ा0 रुचि अग्रवाल

श्रीमतो अफरोज जहॉ